**Series : WYXZ6**

**SET ~ 2**

रोल नं.
**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 67/6/2**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।
Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

## *सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

### भाग क
### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 5 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एस को एक नया साझेदार बनाया गया। एस ने अपने संपूर्ण भाग का अधिग्रहण क्यू से किया। पी, क्यू, आर तथा एस के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात होगा : *1*

(A) 2 : 5 : 2 : 1 (B) 3 : 3 : 2 : 2

(C) 3 : 2 : 3 : 2 (D) 3 : 4 : 2 : 1

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper is divided into* ***two*** *parts —* ***Part A*** *and* ***Part B****.*

*(iii)* ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iv)* ***Part B*** *has two options. Candidates have to attempt only* ***one*** *of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number* ***1*** *to* ***16*** *(Part A) and Questions number* ***27*** *to* ***30*** *(Part B) are multiple choice questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(vi)* *Questions number* ***17*** *to* ***20*** *(Part A) and Questions number* ***31*** *and* ***32*** *(Part B) are short answer type questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(vii)* *Questions number* ***21, 22*** *(Part A) and Question number* ***33*** *(Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks.*

*(viii)* *Questions number* ***23*** *to* ***26*** *(Part A) and Question number* ***34*** *(Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** P, Q and R were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 5 : 2. S was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. S acquired his share entirely from Q. The new profit sharing ratio among P, Q, R and S will be : *1*

(A) 2 : 5 : 2 : 1 (B) 3 : 3 : 2 : 2

(C) 3 : 2 : 3 : 2 (D) 3 : 4 : 2 : 1

**2.** शर्मा, वर्मा तथा खान एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। फर्म अपने खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 31 दिसंबर, 2024 को खान की मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के समय तक फर्म के लाभों में खान के भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 6,00,000 था। मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में खान के भाग का लेखांकन होगा : *1*

(A) खान का पूँजी खाता ₹ 90,000 से डेबिट किया जाएगा तथा लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 90,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(B) लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 90,000 से डेबिट किया जाएगा तथा खान का पूँजी खाता ₹ 90,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(C) खान का पूँजी खाता ₹ 1,20,000 से डेबिट किया जाएगा तथा लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 1,20,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

(D) लाभ-हानि उचंति खाता ₹ 1,20,000 से डेबिट किया जाएगा तथा खान का पूँजी खाता ₹ 1,20,000 से क्रेडिट किया जाएगा।

**3.** (क) सोना, मोना तथा राघव एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। राघव सेवानिवृत्त हो गया। संचयों तथा परिसंपत्तियों एवं देयताओं के पुनर्मूल्यांकन संबंधी आवश्यक समायोजनों को करने के पश्चात राघव के पूँजी खाते का शेष ₹ 2,20,000 था। सोना तथा मोना उसके दावे के पूर्ण निपटान में उसे ₹ 4,00,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गई। फर्म की ख्याति में राघव का भाग था : *1*

(A) ₹ 2,20,000 (B) ₹ 1,80,000

(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 40,000

**अथवा**

(ख) गिरी तथा श्याम एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,60,000 तथा ₹ 1,00,000 थी। हेमा को फर्म के लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए साझेदार बनाया गया। हेमा अपनी पूँजी के रूप में ₹ 1,50,000 लाई। हेमा के प्रवेश पर फर्म की ख्याति थी : *1*

(A) ₹ 4,10,000 (B) ₹ 7,50,000

(C) ₹ 3,40,000 (D) ₹ 2,50,000

**4.** उमा तथा वीना एक फर्म में साझेदार थीं तथा 4 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2024 को उन्होंने लाभों में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए ऊषा को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया। ऊषा के प्रवेश पर यह निर्णय लिया गया कि फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले वर्ष के लाभ के बराबर किया जाएगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 5,76,000 था। लेकिन इस लाभ की गणना करते समय, आरंभिक स्टॉक तथा अंतिम स्टॉक दोनों का मूल्यांकन ₹ 50,000 अधिक किया गया। फर्म की ख्याति होगी : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 6,76,000

(C) ₹ 4,76,000 (D) ₹ 7,76,000

**2.** Sharma, Verma and Khan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st December, 2024 Khan died. Khan's share in the profits of the firm till the date of his death was to be calculated on the basis of the profit of the previous year. During the year ended 31st March, 2024 the firm earned a profit of ₹ 6,00,000. The treatment for Khan's share in the profits of the firm till the date of his death will be : *1*

(A) Khan's Capital Account will be debited by ₹ 90,000 and Profit and Loss Suspense Account will be credited by ₹ 90,000.

(B) Profit and Loss Suspense Account will be debited by ₹ 90,000 and Khan's Capital Account will be credited by ₹ 90,000.

(C) Khan's Capital Account will be debited by ₹ 1,20,000 and Profit and Loss Suspense Account will be credited by ₹ 1,20,000.

(D) Profit and Loss Suspense Account will be debited by ₹ 1,20,000 and Khan's Capital Account will be credited by ₹ 1,20,000.

**3.** (a) Sona, Mona and Raghav were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Raghav retired. The balance in Raghav's capital account after making the necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and liabilities was ₹ 2,20,000. Sona and Mona agreed to pay him ₹ 4,00,000 in full settlement of his claim. Raghav's share of goodwill in the firm was : *1*

(A) ₹ 2,20,000 (B) ₹ 1,80,000

(C) ₹ 4,00,000 (D) ₹ 40,000

**OR**

(b) Giri and Shyam were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their capitals were ₹ 1,60,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Hema was admitted for $\frac{1}{5}$th share in the profits of the firm. Hema brought ₹ 1,50,000 as her capital. The goodwill of the firm on Hema's admission was : *1*

(A) ₹ 4,10,000 (B) ₹ 7,50,000

(C) ₹ 3,40,000 (D) ₹ 2,50,000

**4.** Uma and Veena were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 5. On 1st April, 2024 they decided to admit Usha as a new partner for $\frac{1}{4}$th share in the profits of the firm. On Usha's admission it was decided that the goodwill of the firm will be valued equal to the previous year's profit. The profit for the year ended 31st March, 2024 were ₹ 5,76,000. However, to arrive at this profit, both the opening stock and closing stock were overvalued by ₹ 50,000. The goodwill of the firm will be : *1*

(A) ₹ 5,76,000 (B) ₹ 6,76,000

(C) ₹ 4,76,000 (D) ₹ 7,76,000

**5.** जावा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 80 प्रति अंश याचित, 600 समता अंशों का हरण ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया । इन अंशों को ₹ 90 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया । 'पूँजी संचय' में हस्तांतरित की जाने वाली राशि होगी : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 54,000

**6.** ऐसे ऋणपत्र जिन्हें सुपुर्दगी द्वारा हस्तांतरित किया जा सकता है और कंपनी ऋणपत्रधारकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखती, कहलाते हैं : *1*

(A) सुरक्षित ऋणपत्र (B) शोधनीय/मोचनीय ऋणपत्र

(C) पंजीकृत ऋणपत्र (D) वाहक ऋणपत्र

**7.** अशोक तथा अविनाश एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 10,00,000 तथा ₹ 15,00,000 थीं । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के खाते तैयार करने के पश्चात ज्ञात हुआ कि साझेदारी संलेख के प्रावधान के अनुसार पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज, लाभों के विभाजन से पूर्व साझेदारों के पूँजी खातों में क्रेडिट नहीं किया गया । यदि पूँजी पर ब्याज उचित रूप से लगाया गया होता, तो फर्म का विभाजित किया जाने वाला लाभ होता : *1*

(A) ₹ 2,50,000 से कम (B) ₹ 2,50,000 से अधिक

(C) लाभ में कोई परिवर्तन नहीं होता (D) ₹ 25,000 से कम

**8.** साझेदारी फर्म के विघटन की स्थिति में, हानि जिसमें पूँजी की कमी भी सम्मिलित होती है, के भुगतान का क्रम होगा : *1*

(A) (i) सबसे पहले लाभों में से, (ii) उसके बाद साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों की पूँजी से ।

(B) (i) सबसे पहले साझेदारों की पूँजी से, (ii) उसके बाद लाभों में से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में ।

(C) (i) सबसे पहले साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में, (ii) उसके बाद लाभों में से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों की पूँजी से ।

(D) (i) सबसे पहले लाभों में से, (ii) उसके बाद साझेदारों की पूँजी से, (iii) अंत में, यदि आवश्यक हो, तो साझेदारों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनके लाभ विभाजन अनुपात में ।

**5.** Java Ltd. forfeited 600 equity shares of ₹ 100 each ₹ 80 called up for the non-payment of first call of ₹ 20 per share. These shares were reissued at ₹ 90 per share fully paid up. The amount transferred to 'Capital Reserve' will be : *1*

(A) ₹ 36,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 48,000 (D) ₹ 54,000

**6.** Debentures which can be transferred by way of delivery and the company does not keep any record of the debentureholders are called : *1*

(A) Secured Debentures (B) Redeemable Debentures

(C) Registered Debentures (D) Bearer Debentures

**7.** Ashok and Avinash were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 1$^{st}$ April, 2023, their capitals were ₹ 10,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. After the accounts for the year ending 31$^{st}$ March, 2024 were prepared, it was discovered that interest on capital at the rate of 10% per annum, as provided for in the partnership deed, was not credited to the partners' capital accounts before distribution of profits. Had the interest on capital been duly provided, the firm's divisible profit would have : *1*

(A) Reduced by ₹ 2,50,000 (B) Increased by ₹ 2,50,000

(C) No change in the profits (D) Reduced by ₹ 25,000

**8.** In the event of dissolution of a partnership firm, the order of payment of losses including deficiencies of capital shall be : *1*

(A) (i) First out of profits, (ii) Next by the partners individually in their profit sharing ratio, (iii) Lastly, if necessary, out of capital of partners.

(B) (i) First out of capital of partners, (ii) Next out of profits, (iii) Lastly, if necessary, by the partners individually in their profit sharing ratio.

(C) (i) First by the partners individually in their profit sharing ratio, (ii) Next out of profits, (iii) Lastly, if necessary, out of capital of partners.

(D) (i) First out of profits, (ii) Next out of capital of partners, (iii) Lastly, if necessary, by the partners individually in their profit sharing ratio.

**9.** दमन, मोहित तथा पारस एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। दमन सेवानिवृत्त हो गया। मोहित और पारस ने भविष्य में लाभ-हानि 5 : 3 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया। मोहित और पारस का अभिलाभ अनुपात होगा : *1*

(A) 21 : 11 (B) 3 : 2

(C) 5 : 3 (D) 1 : 1

**10.** (क) एक साझेदार, मोहन ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए व्यवसाय से ₹ 80,000 का आहरण किया। आहरण पर ब्याज 12% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाना था। मोहन के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(A) ₹ 9,600 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 800 (D) ₹ 1,600

**अथवा**

(ख) साझेदार की पूँजी पर ब्याज लगाने पर निम्नलिखित में से किस खाते को डेबिट किया जाता है ? *1*

(A) लाभ-हानि खाता

(B) साझेदार का चालू खाता

(C) पूँजी पर ब्याज खाता

(D) साझेदार का पूँजी खाता

**11.** श्यामला लिमिटेड ने रोहिणी लिमिटेड से ₹ 9,50,000 की मशीनरी खरीदी। भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 5% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया जिनका शोधन चार वर्षों के पश्चात 10% प्रीमियम पर करना है। रोहिणी लिमिटेड के पक्ष में निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या होगी : *1*

(A) 10,000 (B) 9,500

(C) 9,050 (D) 8,636

**12.** (क) मानस लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 600 अंशों का ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिया। ₹ 3 प्रति अंश की अंतिम याचना राशि अभी माँगी नहीं गयी थी। अंशों के हरण की रोज़नामचा प्रविष्टि में 'अंश हरण खाता' होगा : *1*

(A) ₹ 1,200 से डेबिट (B) ₹ 1,200 से क्रेडिट

(C) ₹ 3,000 से डेबिट (D) ₹ 3,000 से क्रेडिट

**अथवा**

(ख) राजेश लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 70 प्रति अंश याचित, 300 समता अंशों का हरण ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया। इन अंशों में से, 100 अंशों को ₹ 100 प्रति अंश, ₹ 70 प्रति अंश प्रदत्त में पुन: निर्गमित कर दिया गया। 100 अंशों के पुन: निर्गमन के बाद अंश हरण खाते में कितनी राशि शेष बचेगी ? *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 3,000

(C) ₹ 21,000 (D) ₹ 5,000

**9.** Daman, Mohit and Paras were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Daman retires. Mohit and Paras decided to share future profits and losses in the ratio of 5 : 3. The gaining ratio of Mohit and Paras will be : *1*

(A) 21 : 11 (B) 3 : 2
(C) 5 : 3 (D) 1 : 1

**10.** (a) Mohan, a partner, withdrew ₹ 80,000 from the business for his personal use during the year ended 31st March, 2024. Interest on drawings was to be charged @ 12% per annum. Interest on Mohan's drawings will be : *1*

(A) ₹ 9,600 (B) ₹ 4,800
(C) ₹ 800 (D) ₹ 1,600

**OR**

(b) The following account is debited for allowing interest on partners' capital : *1*

(A) Profit and Loss Account
(B) Partners' Current Account
(C) Interest on Capital Account
(D) Partners' Capital Account

**11.** Shyamla Ltd. purchased machinery of ₹ 9,50,000 from Rohini Ltd. The payment was made by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% redeemable at a premium of 10% after four years. The number of debentures issued in favour of Rohini Ltd. will be : *1*

(A) 10,000 (B) 9,500
(C) 9,050 (D) 8,636

**12.** (a) Manas Ltd. forfeited 600 shares of ₹ 10 each for the non-payment of first call of ₹ 2 per share. The final call of ₹ 3 per share was not yet called. In the journal entry for forfeiture of shares, 'Share Forfeiture Account' will be : *1*

(A) Debited by ₹ 1,200 (B) Credited by ₹ 1,200
(C) Debited by ₹ 3,000 (D) Credited by ₹ 3,000

**OR**

(b) Rajesh Ltd. forfeited 300 equity shares of ₹ 100 each, ₹ 70 called up for the non-payment of first call of ₹ 20 per share. Out of these shares, 100 shares were reissued @ ₹ 100 per share, ₹ 70 paid up. How much balance will remain in the share forfeiture account after reissue of 100 shares ? *1*

(A) ₹ 10,000 (B) ₹ 3,000
(C) ₹ 21,000 (D) ₹ 5,000

**13.** (क) मानव, मयंक तथा मनीष एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण लाभ-हानि खाते में ₹ 60,000 का नाम शेष दर्शा रहा था । उन्होंने निर्णय लिया कि 1 अप्रैल, 2024 से वे लाभों को 2 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करेंगे । फर्म के पुनर्गठन पर लाभ-हानि खाते के नाम शेष को अपलिखित करने की रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

**मानव, मयंक तथा मनीष**
**रोज़नामचा**

| | विवरण | | नाम राशि (₹) | जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | मानव का पूँजी खाता | नाम | 30,000 | |
| | मयंक का पूँजी खाता | नाम | 18,000 | |
| | मनीष का पूँजी खाता | नाम | 12,000 | |
| | लाभ-हानि खाता | | | 60,000 |
| (B) | मानव का पूँजी खाता | नाम | 24,000 | |
| | मयंक का पूँजी खाता | नाम | 24,000 | |
| | मनीष का पूँजी खाता | नाम | 12,000 | |
| | लाभ-हानि खाता | | | 60,000 |
| (C) | मयंक का पूँजी खाता | नाम | 6,000 | |
| | मानव का पूँजी खाता | | | 6,000 |
| (D) | मानव का पूँजी खाता | नाम | 6,000 | |
| | मयंक का पूँजी खाता | | | 6,000 |

**अथवा**

(ख) मूर्ति तथा माधवन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उन्होंने श्रीनिवास को एक नए साझेदार के रूप में फर्म में प्रवेश दिया । श्रीनिवास के प्रवेश के समय, देनदार खाते में ₹ 8,00,000 का शेष मौजूद था तथा डूबत ऋण प्रावधान खाते में ₹ 50,000 का शेष था । ₹ 60,000 के देनदार डूब गए तथा इन्हें अपलिखित कर दिया गया । डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों के 10% पर रखने का निर्णय लिया गया । फर्म के पुनर्गठन पर पुनर्मूल्यांकन खाता __________ से डेबिट किया जाएगा । *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 84,000 (D) ₹ 74,000

**13.** (a) Manav, Mayank and Manish were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31st March, 2024, their Balance Sheet showed a debit balance of ₹ 60,000 in the Profit and Loss Account. They decided that from 1st April, 2024 they will share profits in the ratio of 2 : 2 : 1. The journal entry for writing off the debit balance of Profit and Loss Account on reconstitution of the firm will be : *1*

**Manav, Mayank and Manish**
**JOURNAL**

| | Particulars | Dr. Amount (₹) | Cr. Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| (A) | Manav's Capital A/c Dr.<br>Mayank's Capital A/c Dr.<br>Manish's Capital A/c Dr.<br>To Profit and Loss A/c | 30,000<br>18,000<br>12,000 | <br><br><br>60,000 |
| (B) | Manav's Capital A/c Dr.<br>Mayank's Capital A/c Dr.<br>Manish's Capital A/c Dr.<br>To Profit and Loss A/c | 24,000<br>24,000<br>12,000 | <br><br><br>60,000 |
| (C) | Mayank's Capital A/c Dr.<br>To Manav's Capital A/c | 6,000 | <br>6,000 |
| (D) | Manav's Capital A/c Dr.<br>To Mayank's Capital A/c | 6,000 | <br>6,000 |

**OR**

(b) Murthy and Madhavan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. They admitted Shriniwas as a new partner in the firm. On admission of Shriniwas, there existed a balance of ₹ 8,00,000 in debtors account and a balance of ₹ 50,000 in provision for bad debts account. Debtors of ₹ 60,000 proved bad and hence were written off. It was decided to maintain a provision for bad debts at 10% of the debtors. The revaluation account will be debited by ________ on the reconstitution of the firm. *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 84,000 (D) ₹ 74,000

**14.** (क) एक कंपनी द्वारा अयाचित पूँजी का वह भाग जिसे केवल कंपनी के विघटन की स्थिति में माँगने के लिए आरक्षित किया जाता है, कहलाता है : *1*

(A) अभिदत्त परंतु पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी

(B) अनिर्गमित पूँजी

(C) आरक्षित पूँजी

(D) अभिदत्त पूँजी

**अथवा**

(ख) जब एक कंपनी द्वारा जनता को अभिदान के लिए प्रस्तुत किए गए अंशों की संख्या से अधिक अंशों के लिए आवेदन प्राप्त होते हैं, तो इसे जाना जाता है : *1*

(A) अधि अभिदान (B) पूर्ण अभिदान

(C) प्रीमियम पर अभिदान (D) न्यून अभिदान

**15.** यहाँ दो कथन दिए गए हैं अभिकथन (A) तथा कारण (R) :

*अभिकथन (A) :* साझेदारी दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच व्यवसाय करने एवं उसके लाभ-हानि को विभाजित करने के समझौते का परिणाम है।

*कारण (R) :* साझेदारी समझौता सदैव लिखित रूप में होना चाहिए।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है।

**16.** रवि, मोहन तथा विनोद एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। साझेदारी संलेख में साझेदारों के आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित करने का प्रावधान था। 1 जुलाई, 2023 से शुरू करके मोहन ने अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए प्रति माह ₹ 20,000 का आहरण किया। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में मोहन के आहरण पर ब्याज __________ महीने के लिए प्रभारित किया जाएगा। *1*

(A) $6\frac{1}{2}$ (B) 6

(C) $5\frac{1}{2}$ (D) 5

**14.** (a) A portion of the uncalled capital reserved by a company to be called only in the event of winding up of the company, is called : *1*

(A) Subscribed but not fully paid up capital

(B) Unissued capital

(C) Reserve capital

(D) Subscribed capital

**OR**

(b) When applications for more shares of a company are received than the number of shares offered to the public for subscription, it is known as : *1*

(A) Over subscription (B) Full subscription

(C) Subscription at premium (D) Under subscription

**15.** There are two statements Assertion (A) and Reason (R) :

*Assertion (A) :* Partnership is the result of an agreement between two or more persons to do business and share its profits and losses.

*Reason (R) :* Partnership agreement should always be in written form.

Choose the correct alternative from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct.

**16.** Ravi, Mohan and Vinod were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. The partnership deed provided that interest on partners' drawings will be charged @ 12% p.a. Starting from $1^{st}$ July, 2023, Mohan withdrew ₹ 20,000 every month for his personal use. For the year ended $31^{st}$ March, 2024 interest on Mohan's drawings will be charged for ___________ months. *1*

(A) $6\frac{1}{2}$ (B) 6

(C) $5\frac{1}{2}$ (D) 5

**17.** देवी तथा अनुपम एक फर्म में साझेदार थीं । 1 अप्रैल, 2023 को उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 9,00,000 तथा ₹ 6,00,000 थीं । साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 12% वार्षिक दर से ब्याज ।

(ii) आहरण पर 15% वार्षिक दर से ब्याज ।

1 मई, 2023 को देवी ने ₹ 1,00,000 की अतिरिक्त पूँजी लगाई तथा 1 जून, 2023 को अनुपम ने अपनी पूँजी से ₹ 2,00,000 का आहरण किया । देवी ने अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए प्रति माह ₹ 4,000 का आहरण किया तथा अनुपम ने अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए प्रति माह ₹ 2,000 का आहरण किया । पूँजी पर ब्याज देने तथा आहरण पर ब्याज प्रभारित करने के पश्चात 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का शुद्ध विभाज्य लाभ ₹ 3,00,000 था ।

साझेदारों के चालू खाते तैयार कीजिए । *3*

**18.** जीवन तथा कवि एक फर्म में साझेदार थे तथा उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 12,00,000 तथा ₹ 15,00,000 थी । प्रत्येक साझेदार का वार्षिक वेतन ₹ 2,00,000 था । बाज़ार की ब्याज दर 10% थी । पिछले तीन वर्षों के दौरान लाभ ₹ 8,00,000, ₹ 9,00,000 तथा ₹ 7,00,000 थे । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के औसत अधिलाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर करना है ।

फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । *3*

**19.** (क) अमन, राज तथा सुरेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 8 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । सुरेश को प्रति वर्ष न्यूनतम ₹ 5,00,000 लाभ की गारंटी दी गई थी । इस कारण हुई किसी भी कमी को अमन तथा राज बराबर-बराबर बाँटेंगे । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 8,00,000 था ।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अमन, राज तथा सुरेश का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) जय तथा विजय एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 9,00,000 तथा ₹ 7,00,000 थी । साझेदारी संलेख में पूँजी पर 8% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए खाते तैयार करने के पश्चात, यह ज्ञात हुआ कि पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज दिया गया ।

अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, त्रुटि के सुधार के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

**20.** (क) संध्या लिमिटेड ने गुमान लिमिटेड की ₹ 50,00,000 की परिसंपत्तियों तथा ₹ 7,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 40,00,000 के क्रय प्रतिफल पर किया । गुमान लिमिटेड को क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 25% प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए संध्या लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

**17.** Devi and Anupam were partners in a firm. Their fixed capitals were ₹ 9,00,000 and ₹ 6,00,000 respectively on 1st April, 2023. The partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 12% p.a.

(ii) Interest on drawings @ 15% p.a.

On 1st May, 2023, Devi introduced additional capital of ₹ 1,00,000 and on 1st June, 2023 Anupam withdrew ₹ 2,00,000 from her capital. Devi withdrew ₹ 4,000 per month for her personal use and Anupam withdrew ₹ 2,000 per month for her personal use. The net divisible profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 after allowing interest on capital and charging interest on drawings was ₹ 3,00,000.

Prepare Current Accounts of the partners. *3*

**18.** Jeevan and Kavi were partners in a firm with capitals of ₹ 12,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. Annual salary of the partners was ₹ 2,00,000 each. The market rate of interest was 10%. During the previous three years the profits were ₹ 8,00,000, ₹ 9,00,000 and ₹ 7,00,000. The goodwill of the firm is to be valued at 2 years' purchase of the last 3 years' average super profits.

Calculate the goodwill of the firm. *3*

**19.** (a) Aman, Raj and Suresh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 8. Suresh was guaranteed a minimum profit of ₹ 5,00,000 per year. Any deficiency on this account was to be borne by Aman and Raj equally. The net profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 8,00,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Aman, Raj and Suresh for the year ended 31st March, 2024. *3*

**OR**

(b) Jay and Vijay were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. Their respective fixed capitals were ₹ 9,00,000 and ₹ 7,00,000. The partnership deed provided for interest on capital @ 8% per annum. After preparing the accounts for the year ended 31st March, 2024, it was discovered that interest on capital was allowed @ 9% per annum.

Showing your workings clearly, pass the necessary journal entry to rectify the error. *3*

**20.** (a) Sandhya Ltd. took over the assets of ₹ 50,00,000 and liabilities of ₹ 7,00,000 of Guman Ltd. for purchase consideration of ₹ 40,00,000. The payment of purchase consideration was made by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 25% to Guman Ltd.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Sandhya Ltd. *3*

**OR**

(ख) आरआर लिमिटेड की पुस्तकों में निम्नलिखित स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *3*

(i) ₹ 100 प्रत्येक के 9,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 5,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया गया, जिनका शोधन 5 वर्षों के पश्चात 5% प्रीमियम पर किया जाएगा।

**21.** पूनम लिमिटेड ने ₹ 10 प्रति अंश के, ₹ 5 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित 2,00,000 समता अंशों का हरण ₹ 2 प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया। ₹ 3 प्रति अंश की दूसरी तथा अंतिम याचना अभी तक माँगी नहीं गई थी। हरण किए गए अंशों को ₹ 1 प्रति अंश की छूट पर पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया।

पूनम लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। अंश हरण खाता भी तैयार कीजिए। *4*

**22.** आशा, आशीष तथा नमन एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 31 दिसंबर, 2024 को आशीष की मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु की तिथि पर, उसके पूँजी खाते में ₹ 3,00,000 का शेष था तथा सामान्य संचय में ₹ 2,00,000 थे।

साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु पर, उसके उत्तराधिकारी निम्नलिखित के हकदार होंगे :

(i) पूँजी खाते का शेष तथा उस पर 10% वार्षिक दर से ब्याज।

(ii) फर्म की ख्याति में उसका भाग। आशीष की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 पर किया गया।

(iii) फर्म के लाभों में उसका भाग, जिसकी गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 3,60,000 था।

उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए आशीष का पूँजी खाता तैयार कीजिए। *4*

**23.** 31 मार्च, 2024 को जय लिमिटेड के स्थिति विवरण से निम्नलिखित सूचना उद्धृत की गई :

**31 मार्च, 2024 को जय लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | राशि (₹) |
|---|---|---|
| I – **समता एवं देयताएँ** : | | |
| 1 अंशधारक निधियाँ | | |
| (क) अंश पूँजी | 1 | 71,80,000 |

(b) Pass necessary journal entries in the books of RR Ltd. for issue of debentures in the following cases : *3*

(i) Issued 9,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium of 5% after 5 years.

(ii) Issued 5,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5% after 5 years.

**21.** Poonam Ltd. forfeited 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 5 per share for the non-payment of the first call of ₹ 2 per share. The second and final call of ₹ 3 per share was not yet made. The forfeited shares were reissued at a discount of ₹ 1 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Poonam Ltd. Also prepare Share Forfeiture Account. *4*

**22.** Asha, Ashish and Naman were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 5 : 3. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st December, 2024 Ashish died. On the date of his death, there was a balance of ₹ 3,00,000 in his capital account and ₹ 2,00,000 in General Reserve.

The partnership deed provided that on the death of a partner, his representatives will be entitled to the following :

(i) Balance in the capital account and interest on the same @ 10% p.a.

(ii) His share in the goodwill of the firm. The goodwill of the firm on Ashish's death was valued at ₹ 6,00,000.

(iii) His share in the profits of the firm to be calculated on the basis of previous year's profit. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 3,60,000.

Prepare Ashish's Capital Account to be presented to his executors. *4*

**23.** The following information has been obtained from the Balance Sheet of Jay Ltd. as at 31st March, 2024 :

**Balance Sheet of Jay Ltd. as at 31st March, 2024**

| Particulars | Note No. | Amount (₹) |
|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | |
| 1 Shareholders' Funds | | |
| (a) Share Capital | 1 | 71,80,000 |

**खातों के नोट्स**

| नोट सं. | विवरण | राशि (₹) | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | अधिकृत पूँजी | | |
| | ₹ 100 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंश | | 1,00,00,000 |
| | निर्गमित पूँजी | | |
| | ₹ 100 प्रत्येक के 75,000 समता अंश | | 75,00,000 |
| | अभिदत्त पूँजी | | |
| | अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त | | |
| | ₹ 100 प्रत्येक के 71,000 समता अंश | | 71,00,000 |
| | अभिदत्त परन्तु पूर्ण प्रदत्त नहीं | | |
| | ₹ 100 प्रत्येक के 1,000 समता अंश | 1,00,000 | |
| | घटा : अदत्त याचना | (20,000) | 80,000 |
| | | | 71,80,000 |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) जनता को अभिदान के लिए प्रस्तुत किए गए कुल अंशों की संख्या है : *1*

(A) 71,000
(B) 70,400
(C) 70,000
(D) 75,000

(ii) कंपनी की अनिर्गमित अंश पूँजी की राशि है : *1*

(A) ₹ 25,00,000
(B) ₹ 29,00,000
(C) ₹ 29,60,000
(D) ₹ 20,32,000

(iii) कंपनी की अभिदत्त पूँजी है : *1*

(A) ₹ 71,80,000
(B) ₹ 71,00,000
(C) ₹ 80,00,000
(D) ₹ 1,00,00,000

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | Amount (₹) | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | Authorised capital<br>1,00,000 Equity Shares of ₹ 100 each | | 1,00,00,000 |
| | Issued capital<br>75,000 Equity Shares of ₹ 100 each | | 75,00,000 |
| | Subscribed capital<br>Subscribed and fully paid up<br>71,000 Equity Shares of ₹ 100 each | | 71,00,000 |
| | Subscribed but not fully paid up<br>1,000 Equity Shares of ₹ 100 each | 1,00,000 | |
| | Less : Calls in Arrears | (20,000) | 80,000 |
| | | | 71,80,000 |

Answer the following questions :

(i) The total number of shares offered to the public for subscription are : *1*

(A) 71,000

(B) 70,400

(C) 70,000

(D) 75,000

(ii) The amount of unissued share capital of the company is : *1*

(A) ₹ 25,00,000

(B) ₹ 29,00,000

(C) ₹ 29,60,000

(D) ₹ 20,32,000

(iii) The subscribed capital of the company is : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 71,00,000

(C) ₹ 80,00,000

(D) ₹ 1,00,00,000

(iv) कंपनी की पंजीकृत पूँजी है : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 80,00,000

(C) ₹ 1,00,00,000

(D) ₹ 71,00,000

(v) 'अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' के अन्तर्गत दर्शाए गए अंशों पर प्रति अंश प्राप्त नहीं की गई राशि है : *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 20

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 80,000

(vi) यदि 'अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं पूँजी' के अन्तर्गत दर्शाए गए अंशों का हरण कर लिया जाता है, तो 'अंश हरण खाता' दर्शाएगा : *1*

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 71,00,000

**24.** (क) डीडीजी लिमिटेड ने ₹ 75 प्रत्येक के 75,000 समता अंशों को ₹ 25 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 40 प्रति अंश
प्रथम एवं अंतिम याचना पर – शेष (प्रीमियम सहित)

1,25,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 25,000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया।

आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया। गोविंद, जिसे 1,500 अंशों का आबंटन किया गया था, प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा। नमिता भी, जिसने 2,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, प्रथम एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रही। गोविंद तथा नमिता दोनों के अंशों का हरण कर लिया गया।

डीडीजी लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

**अथवा**

(iv) The registered capital of the company is : *1*

(A) ₹ 71,80,000

(B) ₹ 80,00,000

(C) ₹ 1,00,00,000

(D) ₹ 71,00,000

(v) The amount per share not received on the shares shown under 'subscribed but not fully paid up capital' is : *1*

(A) ₹ 100 (B) ₹ 20

(C) ₹ 1,000 (D) ₹ 80,000

(vi) If the shares shown under 'subscribed but not fully paid up capital' are forfeited, 'Share Forfeiture Account' will appear at : *1*

(A) ₹ 20,000

(B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000

(D) ₹ 71,00,000

**24.** (a) DDG Ltd. invited applications for issuing 75,000 equity shares of ₹ 75 each at a premium of ₹ 25 per share. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment – ₹ 40 per share

On First and Final Call – Balance (including premium)

Applications for 1,25,000 shares were received. Applications for 25,000 shares were rejected and the application money was refunded. Shares were allotted to the remaining applicants on pro-rata basis.

Excess money received with applications was adjusted towards sums due on first and final call. Govind, to whom 1,500 shares were allotted, failed to pay the first and final call. Namita, who had applied for 2,000 shares, also failed to pay the first and final call. Shares of both Govind and Namita were forfeited.

Pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of DDG Ltd. *6*

**OR**

(ख) करन लिमिटेड ने ₹ 80 प्रत्येक के 80,000 समता अंशों को सममूल्य पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर – ₹ 30 प्रति अंश

प्रथम एवं अंतिम याचना पर – शेष

1,40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 20,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा राशि वापस कर दी गई। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया। आवेदनों पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम एवं अंतिम याचना पर देय राशि में कर लिया गया। रवि, जिसने 1,200 अंशों के लिए आवेदन किया था, अपनी पूरी अंश राशि का भुगतान आवेदन के साथ कर दिया। चमन, जिसे 2,400 अंश आबंटित किए गए थे, प्रथम तथा अंतिम याचना का भुगतान करने में असफल रहा। चमन के अंशों का हरण कर लिया गया।

करन लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। जहाँ भी आवश्यक हो 'अदत्त-याचना खाता' तथा 'अग्रिम-याचना खाता' खोलिए। *6*

**25.** ऋषि, मनु तथा कोमल एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 4 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। विविध परिसंपत्तियों (हस्तस्थ रोकड़ तथा बैंक में रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात, निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) ₹ 2,00,000 के एक लेनदार ने एक पुरानी मशीन को ₹ 70,000 में ले लिया, जिसे पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया था तथा उसके शेष का निपटान 10% बट्टे पर किया गया।

(ii) ₹ 8,00,000 के शेष लेनदारों ने अपने दावे के पूर्ण निपटान में ₹ 6,00,000 का स्टॉक ले लिया।

(iii) ₹ 3,00,000 का शेष स्टॉक 30% की हानि पर बेच दिया गया।

(iv) ₹ 90,000 के विघटन व्ययों का भुगतान कोमल ने किया।

(v) एक पुराने ग्राहक, सारांश जिसके ₹ 40,000 के खाते को पिछले वर्ष डूबत ऋण के रूप में अपलिखित कर दिया गया था, ने ₹ 36,000 का भुगतान किया।

(vi) विघटन पर ₹ 2,40,000 की हानि हुई।

फर्म के विघटन के समय ऋषि, मनु तथा कोमल की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

(b) Karan Ltd. invited applications for issuing 80,000 equity shares of ₹ 80 each at par. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment – ₹ 30 per share

On First and Final Call – Balance

Applications for 1,40,000 shares were received. Applications for 20,000 shares were rejected and the money was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with applications was adjusted towards sums due on first and final call. Ravi, who had applied for 1,200 shares, paid his entire share money along with his application. Chaman, to whom 2,400 shares were allotted, failed to pay the first and final call. Chaman's shares were forfeited.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Karan Ltd. Open 'Calls-in-Arrears Account' and 'Calls-in-Advance Account', wherever necessary. *6*

**25.** Rishi, Manu and Komal were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 4 : 5. On 31st March, 2024 their firm was dissolved. After transferring sundry assets (other than cash in hand and cash at bank) and third party liabilities to realisation account, the following transactions took place :

(i) A creditor of ₹ 2,00,000 took over an old machine for ₹ 70,000 that had been completely written off and his balance was settled at a discount of 10%.

(ii) Remaining creditors of ₹ 8,00,000 agreed to take over stock of ₹ 6,00,000 in full settlement of their claim.

(iii) The remaining stock of ₹ 3,00,000 was sold at a loss of 30%.

(iv) Dissolution expenses amounting to ₹ 90,000 were paid by Komal.

(v) Saransh, an old customer whose account for ₹ 40,000 was written off as bad debt in the previous year, paid ₹ 36,000.

(vi) Loss on dissolution amounted to ₹ 2,40,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions to close the books of Rishi, Manu and Komal at the time of dissolution of the firm. *6*

**26.** (क) रतन, सिंह तथा शर्मा एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को रतन, सिंह तथा शर्मा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 90,000 | बैंक | | 65,000 |
| अदत्त मज़दूरी | | 10,000 | स्टॉक | | 1,50,000 |
| सामान्य संचय | | 3,00,000 | देनदार | 90,000 | |
| पूँजी : | | | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 5,000 | 85,000 |
| रतन | 3,60,000 | | संयंत्र एवं मशीनरी | | 2,50,000 |
| सिंह | 2,40,000 | | भूमि तथा भवन | | 4,50,000 |
| शर्मा | 1,00,000 | 7,00,000 | लाभ-हानि खाता | | 1,00,000 |
| | | 11,00,000 | | | 11,00,000 |

1 अप्रैल, 2024 को शर्मा निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हो गया :

(i) संयंत्र एवं मशीनरी का ₹ 2,00,000 पर पुनर्मूल्यांकन किया गया।

(ii) भूमि तथा भवन का मूल्य ₹ 49,500 से बढ़ाया जाएगा तथा डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों के 5% पर रखा जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति में शर्मा के भाग का मूल्यांकन ₹ 60,000 किया गया तथा सेवानिवृत्त साझेदार का भाग शेष साझेदारों के पूँजी खातों द्वारा समायोजित किया गया।

(iv) शर्मा को रतन और सिंह द्वारा लाए गए नगद में से इस तरह भुगतान किया गया कि उनकी पूँजी उनके नए लाभ विभाजन अनुपात में हो जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

**अथवा**

**26.** (a) Ratan, Singh and Sharma were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their Balance Sheet on 31st March, 2024 was as follows :

**Balance Sheet of Ratan, Singh and Sharma as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 90,000 | Bank | | 65,000 |
| Outstanding Wages | | 10,000 | Stock | | 1,50,000 |
| General Reserve | | 3,00,000 | Debtors | 90,000 | |
| Capitals : | | | Less : Provision for Doubtful Debts | 5,000 | 85,000 |
| Ratan | 3,60,000 | | Plant and Machinery | | 2,50,000 |
| Singh | 2,40,000 | | Land and Building | | 4,50,000 |
| Sharma | 1,00,000 | 7,00,000 | Profit and Loss A/c | | 1,00,000 |
| | | 11,00,000 | | | 11,00,000 |

On 1st April, 2024 Sharma retired from the firm on the following terms :

(i) Plant and Machinery is revalued at ₹ 2,00,000.

(ii) Land and Building was to be appreciated by ₹ 49,500 and provision for bad debts will be maintained at 5% of the debtors.

(iii) Sharma's share in the goodwill of the firm was valued at ₹ 60,000 and the retiring partner's share was adjusted through the capital accounts of remaining partners.

(iv) Sharma was paid in cash brought by Ratan and Singh in such a way so as to make their capitals proportionate to their new profit sharing ratio.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

**OR**

(ख) मिता तथा विहान एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को मिता तथा विहान का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न लेनदार | | 2,00,000 | नगद | | 50,000 |
| पूँजी : | | | विविध देनदार | 2,00,000 | |
| मिता | 4,00,000 | | घटा : संदिग्ध ऋणों | | |
| विहान | 3,00,000 | 7,00,000 | के लिए प्रावधान | 7,000 | 1,93,000 |
| | | | स्टॉक | | 2,50,000 |
| | | | संयंत्र एवं मशीनरी | | 3,50,000 |
| | | | एकस्व (पेटेंट्स) | | 57,000 |
| | | 9,00,000 | | | 9,00,000 |

उपर्युक्त तिथि को उन्होंने फर्म के लाभों में $\frac{4}{15}$ भाग के लिए ज़ैन को निम्नलिखित शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया :

(i) ज़ैन अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम का अपना भाग नगद लाएगा। ज़ैन के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,12,500 पर किया गया।

(ii) डूबत ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों का 5% रखा जाएगा।

(iii) स्टॉक का ₹ 2,00,000, संयंत्र तथा मशीनरी का ₹ 4,00,000 तथा एकस्व (पेटेंट्स) का ₹ 1,20,000 पर मूल्यांकन किया जाएगा।

(iv) माल क्रय का ₹ 30,000 का एक बिल था जिसका लेखा पुस्तकों में करना भूल गए।

ज़ैन के प्रवेश पर उपर्युक्त लेनदेनों के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *6*

(b) Mita and Vihaan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2024 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Mita and Vihaan as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 2,00,000 | Cash | | 50,000 |
| Capitals : | | | Sundry Debtors | 2,00,000 | |
| | | | Less : Provision for doubtful debts | 7,000 | 1,93,000 |
| Mita | 4,00,000 | | Stock | | 2, 50,000 |
| Vihaan | 3,00,000 | 7,00,000 | Plant and Machinery | | 3,50,000 |
| | | | Patents | | 57,000 |
| | | 9,00,000 | | | 9,00,000 |

On the above date, Zen was admitted as a new partner for $\frac{4}{15}$th share in the profits on the following terms :

(i) Zen will bring ₹ 3,00,000 as his capital and his share of goodwill premium in cash. On Zen's admission, goodwill of the firm was valued at ₹ 4,12,500.

(ii) The provision for bad debts will be maintained at 5% of the debtors.

(iii) Stock will be valued at ₹ 2,00,000, plant and machinery at ₹ 4,00,000 and patents at ₹ 1,20,000.

(iv) There was a bill of ₹ 30,000 for goods purchased which was omitted from the books.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on Zen's admission. *6*

## भाग ख

## विकल्प – I

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**27.** यहाँ दो कथन दिए गए हैं :

*कथन I :* 31.03.2023 को समता लिमिटेड के स्थिति विवरण में लाभ-हानि विवरण का शेष ₹ 2,00,000 की कमी (हानि) तथा 31.03.2024 को ₹ 3,00,000 का आधिक्य दर्शा रहा था। रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय ₹ 5,00,000 को वर्ष के दौरान अर्जित लाभ माना जाएगा।

*कथन II :* 31.03.2023 को ज़ीता लिमिटेड का ख्याति खाता ₹ 4,00,000 का शेष तथा 31.03.2024 को ₹ 5,00,000 का शेष दर्शा रहा था। रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय ₹ 1,00,000 को वर्ष के दौरान ख्याति का अधिग्रहण माना जाएगा।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) दोनों कथन सत्य हैं।

(B) दोनों कथन असत्य हैं।

(C) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।

(D) कथन II सत्य है तथा कथन I असत्य है।

**28.** (क) निम्नलिखित में से किस लेन-देन के परिणामस्वरूप रोकड़ का बहिर्वाह होगा ? *1*

(A) कर्मचारियों और उनके माध्यम से अन्य व्यक्ति को नगद भुगतान

(B) रॉयल्टी से प्राप्त नगद

(C) अंशों का निर्गमन

(D) अन्य उद्यमों में निवेशों से प्राप्त लाभांश

**अथवा**

(ख) एक ग़ैर-वित्तीय उद्यम की स्थिति में, लाभांश के भुगतान को माना जाता है : *1*

(A) प्रचालन गतिविधि

(B) निवेश गतिविधि

(C) वित्तीय गतिविधि

(D) निवेश तथा वित्तीय गतिविधि दोनों

## PART B
## OPTION – I
## (Analysis of Financial Statements)

**27.** There are two statements :

*Statement I :* The balance in the Statement of Profit and Loss in the Balance Sheet of Samta Ltd. showed a deficit of ₹ 2,00,000 on 31.03.2023 and a surplus of ₹ 3,00,000 on 31.3.2024. ₹ 5,00,000 will be considered as profit earned during the year for preparing Cash Flow Statement.

*Statement II :* On 31.03.2023 the goodwill account of Zeeta Ltd. showed a balance of ₹ 4,00,000 and on 31.03.2024 it showed a balance of ₹ 5,00,000. ₹ 1,00,000 will be considered as goodwill acquired during the year for the preparation of Cash Flow Statement.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both the Statements are true.
(B) Both the Statements are false.
(C) Statement I is true, Statement II is false.
(D) Statement II is true, Statement I is false.

**28.** (a) Which of the following transactions will result in outflow of cash ? *1*

(A) Cash payments to and on behalf of the employees
(B) Cash receipts from royalties
(C) Issue of shares
(D) Dividend received from investments in other enterprises

**OR**

(b) In case of a non-financial enterprise, payment of dividend is considered as a/an : *1*

(A) Operating Activity
(B) Investing Activity
(C) Financing Activity
(D) Both Investing and Financing Activity

**29.** मैगनम लिमिटेड का चालू अनुपात 2·5 : 1 है। निम्नलिखित में से किस लेनदेन के परिणामस्वरूप इस अनुपात में कमी होगी ? *1*

(A) माल का नगद क्रय ₹ 73,000

(B) देनदारों से एकत्रित नगद ₹ 41,000

(C) अदत्त वेतन का भुगतान ₹ 62,000

(D) दीर्घकालीन ऋण का पुनर्भुगतान ₹ 8,00,000

**30.** (क) वह विवरण जो एक फर्म या दो फर्मों के बीच समय की एक अवधि में वित्तीय विवरणों की सभी मदों में पूर्ण तथा प्रतिशत रूप से परिवर्तन को दर्शाता है, ____________ कहलाता है। *1*

(A) सामान्य आकार विवरण

(B) तुलनात्मक विवरण

(C) रोकड़ प्रवाह विवरण

(D) वित्तीय विवरण

**अथवा**

(ख) ________ अनुपात व्यवसाय की क्रियान्वित गतिविधियों की गति को दर्शाते हैं। *1*

(A) तरलता (B) ऋणशोधन क्षमता

(C) लाभप्रदता (D) आवर्त

**31.** कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार निम्नलिखित मदों को कंपनी के स्थिति विवरण के मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों (यदि कोई है) के अन्तर्गत दर्शाइए : *3*

(क) अग्रिम याचना

(ख) सार्वजनिक जमा

(ग) विकसित की जाने वाली अमूर्त परिसम्पत्तियाँ

**29.** The Current Ratio of Magnum Ltd. is 2·5 : 1. Which of the following transactions will result in decrease in this ratio ? *1*

(A) Purchased goods for cash ₹ 73,000

(B) Cash collected from debtors ₹ 41,000

(C) Outstanding salaries paid ₹ 62,000

(D) Repayment of long term loan ₹ 8,00,000

**30.** (a) The statement that shows changes in all items of financial statements in absolute and percentage terms over a period of time, for a firm, or between two firms is called ________. *1*

(A) Common Size Statement

(B) Comparative Statement

(C) Cash Flow Statement

(D) Financial Statement

**OR**

(b) _______ ratios indicate the speed at which activities of the business are being performed. *1*

(A) Liquidity (B) Solvency

(C) Profitability (D) Activity

**31.** Show the following items under major heads and sub-heads (if any) in the Balance Sheet of the company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 : *3*

(a) Calls in advance

(b) Public deposits

(c) Intangible assets under development

**32.** जमना लिमिटेड की निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि का तुलनात्मक विवरण तैयार कीजिए : *3*

| विवरण | 2022 – 23 (₹) | 2023 – 24 (₹) |
|---|---|---|
| प्रचालन से आगम | 16,00,000 | 20,00,000 |
| प्रचालन से आगम की लागत | 8,00,000 | 10,00,000 |
| अन्य व्यय | 2,00,000 | 4,00,000 |
| कर दर 40% | | |

**33.** (क) विवेक लिमिटेड की पुस्तकों से निम्नलिखित सूचना प्राप्त हुई : *4*

| | ₹ |
|---|---|
| 10% ऋणपत्र | 15,00,000 |
| चालू देयताएँ | 2,00,000 |
| अचल परिसम्पत्तियाँ | 25,00,000 |
| चालू परिसम्पत्तियाँ | 7,00,000 |

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान ब्याज तथा कर के बाद शुद्ध लाभ ₹ 4,10,000 था। ₹ 40,000 कर का भुगतान किया गया।

निवेश पर प्रत्याय की गणना कीजिए।

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित सूचना से 'प्रचालन अनुपात' की गणना कीजिए : *4*

| | ₹ |
|---|---|
| प्रचालनों से आगम | |
| नगद | 5,00,000 |
| उधार | 20,00,000 |
| क्रय | |
| नगद | 2,00,000 |
| उधार | 10,00,000 |
| आगम भाड़ा | 20,000 |
| वेतन | 1,45,000 |
| मालसूची (इंवेन्ट्री) में बढ़ोतरी | 50,000 |
| मज़दूरी | 85,000 |

**32.** From the following information of Jamna Ltd. prepare a Comparative Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2024. *3*

| Particulars | 2022 – 23 (₹) | 2023 – 24 (₹) |
|---|---|---|
| Revenue from operations | 16,00,000 | 20,00,000 |
| Cost of revenue from operations | 8,00,000 | 10,00,000 |
| Other expenses | 2,00,000 | 4,00,000 |
| Tax Rate 40% | | |

**33.** (a) The following information has been obtained from the books of Vivek Ltd. : *4*

| | ₹ |
|---|---|
| 10% Debentures | 15,00,000 |
| Current Liabilities | 2,00,000 |
| Non-Current Assets | 25,00,000 |
| Current Assets | 7,00,000 |

During the year ended 31st March, 2024, net profit after interest and tax amounted to ₹ 4,10,000. Tax paid was ₹ 40,000.
Calculate Return on Investment.

**OR**

(b) Calculate 'Operating Ratio' from the following information : *4*

| | ₹ |
|---|---|
| Revenue from operations | |
| Cash | 5,00,000 |
| Credit | 20,00,000 |
| Purchases | |
| Cash | 2,00,000 |
| Credit | 10,00,000 |
| Carriage Inward | 20,000 |
| Salaries | 1,45,000 |
| Increase in inventory | 50,000 |
| Wages | 85,000 |

**34.** 31 मार्च, 2024 को बोस लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से 'प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए : *6*

**31 मार्च, 2024 को बोस लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. शेयरधारक निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | | 37,00,000 | 25,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 1 | 5,00,000 | 12,00,000 |
| 2 अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | 2 | 20,00,000 | 18,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| (क) लघुकालीन उधार | | 6,00,000 | 5,50,000 |
| (ख) व्यापारिक देय | | 5,00,000 | 3,50,000 |
| **कुल** | | 73,00,000 | 64,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण तथा अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण | 3 | 45,00,000 | 41,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 4 | 3,00,000 | 5,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) चालू निवेश | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| (ख) मालसूची (इंवेन्टरी) | | 8,00,000 | 10,00,000 |
| (ग) व्यापारिक प्राप्य | | 10,00,000 | 2,00,000 |
| (घ) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 2,00,000 | 4,00,000 |
| **कुल** | | 73,00,000 | 64,00,000 |

**34.** From the following Balance Sheet of Bose Ltd. as at 31st March, 2024, calculate 'Cash Flows from Operating Activities'. *6*

**Balance Sheet of Bose Ltd. as at 31st March, 2024**

| Particulars | Note No. | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders' Funds | | | |
| (a) Share Capital | | 37,00,000 | 25,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 5,00,000 | 12,00,000 |
| 2 Non-Current Liabilities | | | |
| Long term borrowings | 2 | 20,00,000 | 18,00,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| (a) Short term borrowings | | 6,00,000 | 5,50,000 |
| (b) Trade Payables | | 5,00,000 | 3,50,000 |
| **Total** | | 73,00,000 | 64,00,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| (a) Property, Plant and Equipment and Intangible Assets | | | |
| (i) Property, Plant and Equipment | 3 | 45,00,000 | 41,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | 4 | 3,00,000 | 5,00,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Current Investments | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| (b) Inventories | | 8,00,000 | 10,00,000 |
| (c) Trade Receivables | | 10,00,000 | 2,00,000 |
| (d) Cash and Cash equivalents | | 2,00,000 | 4,00,000 |
| **Total** | | 73,00,000 | 64,00,000 |

**खातों के नोट्स :**

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | संचय एवं आधिक्य<br>(अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष) | 5,00,000 | 12,00,000 |
| 2 | दीर्घकालीन उधार<br>10% ऋणपत्र | 20,00,000 | 18,00,000 |
| 3 | संपत्ति, संयंत्र तथा उपकरण<br>संयंत्र एवं मशीनरी<br>घटा : एकत्रित मूल्यह्रास | <br>50,00,000<br>5,00,000 | <br>44,00,000<br>3,00,000 |
| | | 45,00,000 | 41,00,000 |
| 4 | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ<br>ख्याति | 3,00,000 | 5,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 4,00,000 लागत की एक मशीनरी जिस पर ₹ 3,00,000 एकत्रित मूल्यह्रास था, को ₹ 70,000 की हानि पर बेच दिया गया।

(ii) ₹ 2,00,000 के 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 31.3.2024 को किया गया।

## भाग ख

## विकल्प – II

## (अभिकलित्र लेखांकन)

**27.** एक डेटा श्रृंखला में डेटा की विस्तृत सूचनाओं की पहचान के लिए कौन-सा चार्ट तत्त्व डेटा मार्कर के बारे में अतिरिक्त सूचना प्रदान करता है ? *1*

(A) डेटा लेबल (B) डेटा टेबल

(C) डेटा प्वाइंट (D) डेटा मार्क

**28.** (क) एक्सेल में श्रेणी (रेंज) की पहचान कैसे की जाती है ? *1*

(A) हैशटैग के उपयोग द्वारा (B) वेक्टर के उपयोग द्वारा

(C) रंग के उपयोग द्वारा (D) अल्पविराम के उपयोग द्वारा

**अथवा**

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | 31.3.2024 (₹) | 31.3.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | Reserves and Surplus | | |
| | (i.e. Balance in the Statement of Profit and Loss) | 5,00,000 | 12,00,000 |
| 2 | Long Term Borrowings | | |
| | 10% Debentures | 20,00,000 | 18,00,000 |
| 3 | Property, Plant and Equipment | | |
| | Plant and Machinery | 50,00,000 | 44,00,000 |
| | Less : Accumulated Depreciation | 5,00,000 | 3,00,000 |
| | | 45,00,000 | 41,00,000 |
| 4 | Intangible Assets | | |
| | Goodwill | 3,00,000 | 5,00,000 |

*Additional Information :*

(i) A piece of machinery costing ₹ 4,00,000 on which accumulated depreciation was ₹ 3,00,000 was sold at a loss of ₹ 70,000.

(ii) 10% Debentures of 2,00,000 were issued on 31.3.2024.

## PART B
## OPTION – II
## (Computerised Accounting)

**27.** Which chart element provides additional information about a data marker to identify the details of data in data series ? *1*

(A) Data label  (B) Data table

(C) Data point  (D) Data marks

**28.** (a) How are ranges identified within Excel ? *1*

(A) Using Hashtag  (B) Using Vector

(C) Using Colour  (D) Using Comma

**OR**

(ख) एक लेखांकन प्रतिवेदन की दो महत्त्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैं : *1*

(A) भाषा प्रक्रियण तथा उपयोगिता

(B) भण्डारण तथा प्रस्तुति

(C) प्रणाली विश्लेषण तथा प्रचालन

(D) समयबद्धता तथा प्रासंगिकता

**29.** किसी अंकगणितीय अभिव्यक्ति अथवा कार्य का परिणाम कहलाता है : *1*

(A) क्षैतिज मूल्य (B) व्युत्पन्न मूल्य

(C) आधार मूल्य (D) लम्बवत मूल्य

**30.** (क) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमाणक (वाउचर) व्यवसाय से धन के बहिर्वाह का लेखा करता है ? *1*

(A) रोज़नामचा प्रमाणक (वाउचर)

(B) प्राप्ति प्रमाणक (वाउचर)

(C) कोंट्रा प्रमाणक (वाउचर)

(D) भुगतान प्रमाणक (वाउचर)

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित में से अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के कौन-से घटक को किसी व्यावसायिक उपयोग के कच्चे तथ्यों के रूप में जाना जाता है ? *1*

(A) डेटा (B) हार्डवेयर

(C) सॉफ़्टवेयर (D) कार्यविधि

**31.** ऋण पुनर्भुगतान की मासिक किस्त की गणना करने के लिए कौन-से अन्तर्निहित कार्य (फंक्शन) का उपयोग किया जा सकता है ? इसके मानदण्डों का भी उल्लेख कीजिए। *3*

**32.** 'लेखांकन चक्र' की अवस्थाओं का उल्लेख कीजिए। *3*

**33.** (क) 'एजुकेशन फॉर ऑल ट्रस्ट' द्वारा संचालित स्कूल संख्या 10 में वर्ष 2024 में अनुभाग क, कक्षा XI में प्रवेश लेने वाली निशा अनुक्रमांक 23 के लिए एक कोड विकसित कीजिए। अनुभाग 'क' एक विज्ञान संकाय का अनुभाग है और इसका कोड 1 है। *4*

**अथवा**

(ख) संख्या प्रारूपण को समझाइए। *4*

**34.** उस त्रुटि का नाम बताइए जो एक दी हुई संख्या को शून्य से भाग करने पर आती है; जैसे 7/0। इस त्रुटि के क्या कारण हैं ? इस त्रुटि को कैसे शुद्ध किया जा सकता है ? *1+2+3=6*

(b) Two important requirements of an accounting report are : *1*

(A) Language processing and utility

(B) Storage and presentation

(C) System analysis and operations

(D) Timelines and relevance

**29.** The outcome of an arithmetic expression or function is called : *1*

(A) Horizontal value (B) Derived value

(C) Basic value (D) Vertical value

**30.** (a) Which of the following voucher records outflow of money from the business ? *1*

(A) Journal Voucher

(B) Receipt Voucher

(C) Contra Voucher

(D) Payment Voucher

**OR**

(b) The raw facts for any business application is known as which of the following components of Computerised Accounting System ? *1*

(A) Data (B) Hardware

(C) Software (D) Procedure

**31.** Which built-in function can be used to compute monthly instalments of repayment of loan ? State its parameters also. *3*

**32.** State the phases of 'Accounting Cycle'. *3*

**33.** (a) Develop a code for Nisha, Roll No. 23 who took admission in Section A, Class XI in the year 2024 in School No. 10 run by the 'Education For All Trust'. Section A is a science stream section and its code is 1. *4*

**OR**

(b) Explain number formatting. *4*

**34.** Name the error which occurs when a given number is divided by zero; e.g. 7/0. What are the reasons for this error ? How can this error be corrected ? *1+2+3=6*